# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 21/10/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** **576, 324 और 360 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 144 B). 36 C). 108 D). 72 **Correct Answer: B**

**Q.2** **एक दुकानदार 15 मोबाइल खरीदता है और 12 मोबाइल 15 मोबाइल के क्रय मूल्य पर बेचता है। यदि दुकानदार सभी मोबाइलों को उसी मूल्य पर बेचता है जिस मूल्य पर उसने पहली स्थिति में 12 मोबाइल बेचे थे, तो लाभ प्रतिशत क्या है?**

**Ans** A). 20% B). 22.5% C). 25% D). 27.5% **Correct Answer: C**

**Q.3** **एक लंब वृत्तीय बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल $628\frac{4}{7}$ $cm^2$ है। यदि इसकी त्रिज्या $4$ cm है, तो बेलन की ऊंचाई (निकटतम पूर्ण संख्या तक सन्निकट्टित) ______________ के बराबर होगी। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)**

**Ans** A). 12 cm B). 15 cm C). 21 cm D). 18 cm **Correct Answer: C**

**Q.4** **एक व्यापारी अपने माल पर इसके क्रय मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है और फिर ग्राहकों को 15% की छूट देता है। व्यापारी का लाभ प्रतिशत क्या है?**

**Ans** A). 25% B). 21% C). 19% D). 15% **Correct Answer: C**


**Q.5** **12 m आधार और 20 m ऊंचाई वाले समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात करें।**

**Ans** A). $144m^2$ B). $210m^2$ C). $120m^2$ D). $240m^2$ **Correct Answer: D**

**Q.6** निम्न तालिका 2 दिनों में 4 वाहनों (A, B, C और D) द्वारा तय की गई दूरियों (km में) को दर्शाती है और बार-ग्राफ क्रमशः दूरियों को तय करने के लिए वाहनों द्वारा लिए गए समय (घंटों में) को दर्शाता है। x-अक्ष समय (घंटों में) को दर्शाता है और y-अक्ष वाहनों को दर्शाता है। बार-ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| वाहन | दिन 1 | दिन 2 |
|---|---|---|
| A | 480 | 600 |
| B | 360 | 420 |
| C | 720 | 780 |
| D | 630 | 720 |

दूरियों को तय करने में 4 वाहनों द्वारा लिया गया समय।




निम्नलिखित में से किन वाहनों ने दोनों दिनों पर समान चाल से यात्रा की?

**Ans** A). केवल A और D B). A, C और D C). केवल C और D D). केवल A और C

**Correct Answer: D**

**Q.7** 6 वर्षों के लिए 3% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 570 B). 630 C). 590 D). 670

**Correct Answer: B**

**Q.8** उस सबसे बड़े लंब वृत्तीय शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए जो 6 इकाई लंबाई के एक खोखले घन में उत्कीर्ण (inscribed) किया गया है और इसके आधार पर खड़ा है।

**Ans** A). 9π इकाई$^3$ B). 21π इकाई$^3$ C). 18π इकाई$^3$ D). 10π इकाई$^3$

**Correct Answer: C**

**Q.9** किसी वस्तु की कीमत में 20% और फिर 25% की वृद्धि की जाती है। शुरुआती कीमत पर वापस आने के लिए बढ़ी हुई कीमत को कितने प्रतिशत कम किया जाना चाहिए?

**Ans** A). $22\frac{1}{2}\%$ B). $45\%$ C). $25\%$ D). $33\frac{1}{3}\%$

**Correct Answer: D**

**Q.10** 5, 15, 25, 26 और 27 का समान्तर माध्य (arithmetic mean) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 19.6 B). 18.6 C). 17.6 D). 20.6

**Correct Answer: A**

**Q.11** यदि 53 क्रमागत सम संख्याओं का औसत 1280 है, तो सबसे छोटी संख्या और सबसे बड़ी संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 34 B). 24 C). 104 D). 124

**Correct Answer: C**

**Q.12** एक कैन में दो तरल पदार्थ, अंगूर के रस और अनन्नास के रस का मिश्रण 13 : 11 के अनुपात में है। जब कैन से 8 लीटर मिश्रण निकालकर, कैन को अनन्नास के रस से भर दिया जाता है, तो अनुपात 13 : 14 हो जाता है। कैन में प्रारंभ में अनन्नास का रस कितने लीटर था?

**Ans** A). 14 लीटर B). 28 लीटर C). 33 लीटर D). 11 लीटर

**Correct Answer: C**

Q.13 A और B के बीच की दूरी 1200 किलोमीटर है। यदि वे एक ही समय पर एक-दूसरे की ओर बढ़ना शुरू करते है, तो वे 24 घंटे में मिलेंगे। यदि A, B के 10 घंटे बाद प्रारंभ करता है, तो वे 20 घंटे और अधिक बाद में मिलेंगे। उनकी क्रमशः चाल क्या हैं?

Ans A). 25 किलोमीटर/घंटा, 35 किलोमीटर/घंटा B). 35 किलोमीटर/घंटा, 25 किलोमीटर/घंटा C). 40 किलोमीटर/घंटा, 25 किलोमीटर/घंटा D). 30 किलोमीटर/घंटा, 20 किलोमीटर/घंटा

Correct Answer: D

Q.14 तालिका अलग-अलग प्रकार की कारों के उत्पादन (हजार में) को दर्शाती है।

| वर्ष / कार | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|
| P | 57 | 94 | 71 | 91 |
| Q | 23 | 25 | 46 | 26 |
| R | 15 | 67 | 13 | 39 |
| S | 69 | 34 | 62 | 24 |

2020 में Q प्रकार की कारों तथा 2022 में R प्रकार की कारों के मिलाकर कुल उत्पादन और 2019 में S प्रकार की कारों तथा 2021 में P प्रकार की कारों के मिलाकर कुल उत्पादन का अनुपात क्या है?

Ans A). 35 : 16 B). 22 : 17 C). 17 : 22 D). 16 : 35

Correct Answer: D

Q.15 नौ क्रमागत संख्याओं का औसत 45 है। इन संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है?

Ans A). 50 B). 48 C). 41 D). 49

Correct Answer: D

Q.16 6 वर्षों के लिए 5% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 750 B). 690 C). 710 D). 790

Correct Answer: A

Q.17 एक बेईमान व्यापारी क्रय मूल्य पर किराने का सामान बेचने का दावा करता है और फिर भी $2\frac{22}{39}\%$ का लाभ कमाता है। एक kg के लिए, वह ____ वजन उपयोग करता है।

Ans A). 975 g B). 978 g C). 981 g D). 985 g

Correct Answer: A

Q.18 एक धनराशि, समान साधारण ब्याज दर पर 6 वर्ष बाद ₹7,436 और 10 वर्ष बाद ₹9,460 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात करें।

Ans A). 13% B). 12% C). 12.5% D). 11.5%

Correct Answer: D

Q.19 राघव 1 घंटा 40 मिनट में 45 km की दूरी तय करता है। यह मानते हुए कि वह अपनी पूरी यात्रा में एक समान चाल से चलता है, राघव की चाल (m/s में) क्या है?

Ans A). 9 B). 7.5 C). 7.2 D). 6

Correct Answer: B

Q.20 24 पुरुष प्रतिदिन 7 घंटे कार्य करके किसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 21 पुरुष प्रतिदिन 9 घंटे कार्य करके उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?

Ans A). $7\frac{7}{8}$ दिन B). $6\frac{6}{7}$ दिन C). $9\frac{9}{10}$ दिन D). $8\frac{8}{9}$ दिन

Correct Answer: D

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

Q.1 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, GNJF एक प्रकार से IPLH से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार KRNJ, MTPL से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OVRN, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). QXTP B). QXPT C). XQPT D). XQTP

Correct Answer: A


Q.2 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOAP' को '4729' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'POSE' को '9257' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 9 C). 2 D). 7


**Correct Answer: A**


---


Q.3 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

---

Q.4 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BLUE' को '5193' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CABS' को '3246' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 6 B). 5 C). 4 D). 3

**Correct Answer: D**

---


Q.5 पाँच मित्र, आशीष, बिपिन, चंद्रू, दिनेश और इमैनुएल, एक ट्रेक (trek) पर गए। उन्होंने पहाड़ी की चोटी पर एक अलाव (campfire) जलाया और एक घेरा बनाकर इसके चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठ गए (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
यह स्मरण होता है कि आशीष और चंद्रू के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा था, जबकि चंद्रू स्वयं बिपिन के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा था।
यदि चंद्रू और बिपिन दोनों का निकटतम पड़ोसी दिनेश था, तो आशीष के ठीक दाएं कौन बैठा था?

**Ans** A). चंद्रू B). दिनेश C). बिपिन D). इमैनुएल


**Correct Answer: D**


---


Q.6 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




**Ans**

A). 

B). 


C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

Q.7 दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

**Q.8** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**MSN, LRM, KQL, JPK, ?**

**Ans** A). IOJ    B). JOI    C). JIO    D). IJO

**Correct Answer: A**

---

**Q.9** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी चील, बाज हैं।**
**सभी बाज, पक्षी हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) सभी पक्षी, चील हैं।**
**(II) कुछ पक्षी, बाज हैं।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है    B). निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II), दोनों अनुसरण करते हैं    C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है    D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

---

**Q.10** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ घोड़े, बकरियाँ हैं। सभी बकरियाँ, सियार हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I): कुछ घोड़े, सियार हैं।**
**(II): सभी सियार, बकरियाँ हैं।**

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।    B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।    C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।    D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: C**

---

**Q.11** 4, किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 41 से संबंधित है। 9, समान तर्क का अनुसरण करते हुए 91 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 13, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 131    B). 130    C). 127    D). 129

**Correct Answer: A**

---

**Q.12** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**18, 29**
**49, 60**

**Ans** A). 86, 99    B). 92, 123    C). 88, 79    D). 84, 95

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

$$33 \times 19 - 24 \div 8 + 4 = 40$$

**Ans** A). − और +    B). + और ÷    C). ÷ और ×    D). + और ×

**Correct Answer: D**

---

**Q.14** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E के बाएँ से गिनने पर, E और F के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D के दाएँ से गिनने पर, G और D के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, G के ठीक दाएँ बैठा है। D और F दोनों का निकटतम पड़ोसी C है।
B के बाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). A    B). C    C). G    D). E

**Correct Answer: B**

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6, 12, ?, 144, 720 ,4320, 30240

Ans A). 42 | B). 38 | C). 36 | D). 40


Correct Answer: C

Q.16 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MILK' को '5642' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LIKE' को '8425' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?


Ans A). 8 | B). 6 | C). 4 | D). 5


Correct Answer: A


Q.17 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूरी हो जाएगी।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: A

Q.18 निम्नलिखित समीकरण को सही करने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

(8÷ 2)× 11 −9× 3 + (51÷ 17) × 6 = 30

(नोट: अदला-बदली पूरी संख्या की होनी चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की।)

Ans A). 11 और 6 | B). 9 और 6 | C). 3 और 6 | D). 9 और 11

Correct Answer: A

Q.19 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BIKE CAR SCOOTER' को 'SS RR PP' लिखा जाता है और 'CAR CYCLE TRUCK' को 'PP TT LL' लिखा जाता है और 'CYCLE BIKE TRAIN' को 'RR ZZ TT' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'SCOOTER' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans A). SS | B). RR | C). PP | D). ZZ

Correct Answer: A

Q.20 ZMJI, अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से UIGG से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार TIMN, OEJL से संबंधित है। उसी समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PHJI निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). KDGG | B). GKHF | C). KJED | D). KGDF

Correct Answer: A

## Section : General Awareness

Q.1 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आबादी का प्रतिशत सबसे अधिक है?

Ans A). पुदुचेरी | B). दिल्ली | C). दमन और दीव | D). चंडीगढ़

Correct Answer: A

Q.2 दो पादप कोशिकाओं के बीच कोशिका भित्ति से होकर गुजरने वाली टनल (tunnel) को क्या कहा जाता है?

Ans A). राइबोसोम (ribosome) | B). जीवद्रव्य तंतु (plasmodesmata) | C). परऑक्सिसोम (peroxisome) | D). जीवद्रव्य (protoplasm)

Correct Answer: B

Q.3 निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) आरंभ किया है?

Ans A). श्रम और रोजगार मंत्रालय | B). युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय | C). शिक्षा मंत्रालय | D). कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

Correct Answer: A

Q.4 'द बेस्ट मिस्टेक्स ऑफ माई लाइफ (The Best Mistakes of My Life)' किस भारतीय अभिनेता की आत्मकथा है?

Ans A). दिलीप कुमार | B). सलमान खान | C). शाहरुख खान | D). संजय खान

Correct Answer: D

Q.5 देवधर ट्रॉफी (Deodhar Trophy) ________ के लिए दी जाती है।

Ans A). टेनिस | B). क्रिकेट | C). हॉकी | D). फुटबॉल

Correct Answer: B

**Q.6** **निम्नलिखित में से किस बैंकिंग संस्थान ने सूक्ष्मवित्त ऋणों (microfinance loans) के माध्यम से वित्तीय समावेशन और भारत में उनके विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?**

Ans A). भारतीय स्टेट बैंक B). राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक C). सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया D). भारतीय रिज़र्व बैंक

Correct Answer: B

**Q.7** **भोजन में स्टार्च (starch) की उपस्थिति का परीक्षण करने के लिए किस विलयन का उपयोग किया जाना चाहिए?**

Ans A). एथिलीन ग्लाइकोल - जल विलयन (Ethylene glycol – water solution) B). टैल्क विलयन (Talc solution) C). मैग्नीशियम विलयन (Magnesium solution) D). आयोडीन विलयन (Iodine solution)

Correct Answer: D

**Q.8** **वित्त आयोग (Finance Commission) में अध्यक्ष के अतिरिक्त अन्य कितने सदस्य होते हैं?**

Ans A). 4 B). 6 C). 3 D). 5

Correct Answer: A

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा स्वतंत्रता सेनानी 'न्यू लैम्प फॉर ओल्ड' (New Lamp for Old) नामक नौ लेखों की शृंखला से संबंधित था?**

Ans A). अरबिंदो घोष B). सरदार अजीत सिंह C). भगत सिंह D). स्वामी विवेकानंद

Correct Answer: A

**Q.10** **निम्नलिखित में से किस विकल्प में भारत की फसल ऋतुओं (cropping seasons) का समूह शामिल है?**

Ans A). रबी, खरीफ और झूम B). रबी, खरीफ और जायद C). रबी, पोडू और जायद D). राय, खरीफ और जायद

Correct Answer: B

**Q.11** **अकबर द्वारा बनवाई गई इमारत, बुलंद दरवाजा, भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान पर बनवाया गया था?**

Ans A). लाहौर B). दिल्ली C). आगरा D). फ़तेहपुर सीकरी

Correct Answer: D

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सी गोदावरी नदी की एक सहायक नदी नहीं है?**

Ans A). कामेंग (Kameng) B). प्राणहिता (Pranhita) C). मंजरा (Manjra) D). इंद्रावती (Indravati)

Correct Answer: A

**Q.13** **निम्नलिखित में से किसने 1611 ई. में मुग़ल बादशाह जहाँगीर से विवाह किया और 'नूरजहाँ' की उपाधि प्राप्त की?**

Ans A). जहाँआरा बेगम (Jahanara Begum) B). मुमताज महल (Mumtaz Mahal) C). हसीना बेगम साहिबा (Hasina Begum Sahiba) D). मेहरुन्निसा (Mehrunnisa)

Correct Answer: D

**Q.14** **गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेल आयोजन में कौन-सा राज्य पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?**

Ans A). हरियाणा B). पंजाब C). महाराष्ट्र D). केरल

Correct Answer: C

**Q.15** **आवर्त सारणी के समूह 17 के तत्वों को किस रूप में जाना जाता है?**

Ans A). हैलोजनों B). संक्रमण धातुओं C). क्षार धातुओं D). उत्कृष्ट गैसों

Correct Answer: A

**Q.16** **निम्नलिखित में से किसने 2 से 5 मई 2023 तक कोरिया गणराज्य के इंचियोन (Incheon) में निवेशक/द्विपक्षीय और अन्य संबंधित बैठकों के साथ एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank - ADB) के शासक मंडल (Board of Governors) की 56वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था?**

Ans A). स्मृति ईरानी B). निर्मला सीतारमण C). मीनाक्षी लेखी D). रेणुका सिंह सरुता

Correct Answer: B

**Q.17** **17 सितंबर 2023 को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'विश्वकर्मा योजना' के लिए निम्नलिखित में से कौन लक्षित लाभार्थी हैं?**

Ans A). पारंपरिक शिल्पकारिता में कुशल व्यक्ति B). पारंपरिक लोकसाहित्य में कुशल व्यक्ति C). पारंपरिक लोकगीतों में निपुण व्यक्ति D). पारंपरिक लोक नृत्य में निपुण व्यक्ति

Correct Answer: A

**Q.18** **मौर्य समाज के दौरान मेगस्थनीज ने भारतीय समाज को सात विशिष्ट समूहों में विभाजित किया। 'राजा के सलाहकारों (king's counsellors)' को किस विशिष्ट समूह में रखा गया था?**

Ans A). दूसरे B). पाँचवें C). सातवें D). पहले

Correct Answer: C

**Q.19** **निम्नलिखित में से किस दिन राष्ट्रीय एकीकरण दिवस (National Integration Day) मनाया जाता है?**

Ans A). 2 अक्टूबर B). 26 जनवरी C). 15 अगस्त D). 19 नवंबर

Correct Answer: D

**Q.20** **संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव (Objective Resolution)' किसने प्रस्तुत किया था?**

Ans A). राजेन्द्र प्रसाद B). जवाहरलाल नेहरू C). बी.आर. अंबेडकर D). वल्लभभाई पटेल

Correct Answer: B

**Q.21** **राजा और राधा रेड्डी को किस नृत्य शैली को नया आयाम देने के लिए वर्ष 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?**

Ans A). सत्रिया B . ओडिसी C . कुचिपुड़ी D . मणिपुरी

Correct Answer: C

Q.22 ग्रैमी जीतने वाले पहले कर्नाटक संगीतकार, थेटाकुडी हरिहर विनायकराम (Thetakudi Harihara Vinayakram) को किस संगीत वाद्ययंत्र को बजाने के लिए जाना जाता है?

Ans A). घटम B). कंजरा C). मृदंगम D). शहनाई

Correct Answer: A

Q.23 वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक जल निकाय धीरे-धीरे पोषक तत्वों और खनिजों, मुख्य रूप से फास्फोरस और नाइट्रोजन से समृद्ध हो जाता है, जिससे जल की सतह पर शैवाल की अत्यधिक मात्रा में वृद्धि होती है तथा जिससे जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है, _________ कहलाती है।

Ans A). अवऑक्सीयता (Hypoxia) B). जैवआवर्धन (Biomagnification) C). जैवसंचयन (Bioaccumulation) D). सुपोषण (Eutrophication)

Correct Answer: D

Q.24 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A के अनुसार, भारत की संप्रभुता, एकता और _________ को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है।

Ans A). विविधता B). अखंडता C). समरसता D). आध्यात्मिकता

Correct Answer: B

Q.25 भांगड़ा और गिद्दा नृत्य शैलियाँ किस भारतीय राज्य से संबंधित हैं?

Ans A). पंजाब B). गुजरात C). ओडिशा D). महाराष्ट्र

Correct Answer: A

## Section : English Language and Comprehension

Q.1 Select the most appropriate option to fill in the blank.
The restaurant's menu featured a variety of __________ dishes.

Ans A). delicious B). delitious C). delecious D). delicius

Correct Answer: A

Q.2 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans A). perseverance B). pastime C). perceive D). parliment

Correct Answer: D

Q.3 Select the most appropriate option to fill in the blank.

I always prefer a small, cosy cottage ______ a high-rise apartment.

Ans A). from B). for C). to D). than

Correct Answer: C

Q.4 In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Choose the correct alternative.

She is <u>late</u> than we expected.

Ans A). later B). more late C). latter D). latest

Correct Answer: A

Q.5 Select the most appropriate meaning of the given idiom.
Head in the clouds

Ans A). Being impractical B). Being punctual and sincere C). Working hard D). Thinking about the sky and clouds

Correct Answer: A

Q.6 Select the most appropriate synonym of the given word.
Jurisdiction

Ans A). Governance B). Expression C). Descent D). Violation

Correct Answer: A

Q.7 Select the most appropriate option to fill in the blank.
Woodcutting involves the removal of useless trees first, ________ by medium and finest quality timber trees.

Ans A). followed B). compared C). adjusted D). enacted

Correct Answer: A

Q.8 Choose the correctly spelt word to fill in the blank meaningfully.
His _______________ is a brilliant student.

Ans A). sone B). sun C). son D). sune

Correct Answer: C

Q.9 Select the grammatically correct sentence.

Ans A). If you want to have an sound working knowledge of Japanese, you must read this book.

B). If you want to have a sound working knowledge of Japanese, you must read this book.

C). If you want to have a sound working knowledge of the Japanese, you must read this book.

D). If you want to have sound working knowledge of the Japanese, you must read this book.

Correct Answer: B

**Q.10** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the following sentence.**

**Success demands hard work, diligence and perseverance.**

**Ans** A). indolence B). Trouble C). Coolness D). Effort

**Correct Answer: D**

**Q.11** **Select the grammatically correct sentence.**

**Ans** A). The intricate dance of neurotransmitters in a synaptic cleft plays the crucial role in neural communication.

B). The intricate dance of neurotransmitters in the synaptic cleft plays a crucial role in neural communication.

C). An intricate dance of neurotransmitters in a synaptic cleft plays a crucial role in neural communication.

D). An intricate dance of neurotransmitters in the synaptic cleft plays the crucial role in neural communication.

**Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A person who travels from place to place, especially for work**

**Ans** A). Itinerant B). Vagrant C). Nomad D). Pilgrim

**Correct Answer: A**

**Q.13** **Select the correctly spelled sentence.**

**Ans** A). The audience applauded the muzicians performance. B). The audiance applauded the musician's perfomance.

C). The audiance applauded the musicans performance. D). The audience applauded the musician's performance.

**Correct Answer: D**

**Q.14** **Select the word that has the same meaning (SYNONYM) as the underlined word in the given sentence.**

**Shylock, the Jewish moneylender, and Antonio, the rich Merchant of Venice loathed each other.**

**Ans** A). lathered B). latte C). abhorred D). admired

**Correct Answer: C**

**Q.15** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted group of words in the given sentence.**

**RK Laxman was well-known for his drawings of people in such a highly exaggerated manner as to cause laughter.**

**Ans** A). sketches B). articles C). portraits D). caricatures

**Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the most appropriate synonym of 'clarify' in the sentence given below.**
**The last question of the examination paper confused me when it asked to illustrate the Pythagoras' theorem with the help of examples.**

**Ans** A). Confused B). Illustrate C). Last D). Help

**Correct Answer: B**

**Q.17** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**The dancer / performed weird / but the music was / highly enchanting.**

**Ans** A). The dancer B). performed weird C). but the music was D). highly enchanting.

**Correct Answer: B**

**Q.18** **Select the most appropriate idiom for the underlined segment in the given sentence.**

**Sarvana failed in the examination last week and is in extreme depression these days.**

**Ans** A). In the red B). In the doldrums C). In cold blood D). In the lurch

**Correct Answer: B**

**Q.19** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains anerror in phrasal verb.**

**Bindu asked Arya to fill out for / her so that she could / take care of / her sick father.**

**Ans** A). her sick father B). her so that he could C). take care of D). Bindu asked Arya to fill out for

**Correct Answer: D**

**Q.20** **Change the following sentence into positive degree.**

**Sushma is one of the smartest girls in the class.**

**Ans** A). Few girls in the class are as smart as Sushma. B). Sushma is the smart girl of the class. C). No other girl is as smart as Sushma.

D). Sushma is smarter than any other girls in the class.

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

We are familiar with the quote, " "If winter comes, can spring be far ___1___?" Winters are depressing, but we bear because we know that it will not ___2___ till perpetuity. Spring ___3___ a new life in us. As the spring begins to set itself, the nights become shorter and the days get longer. Gardens and lawns become colourful, buds ___4___ as flowers, birds chirp and butterflies fly from one flower to another to ___5____ on the sweet nectar. The dullness is taken over by brightness.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21 Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). behind and below B). behind and far C). far behind D). behind

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

We are familiar with the quote, " "If winter comes, can spring be far ___1___?" Winters are depressing, but we bear because we know that it will not ___2___ till perpetuity. Spring ___3___ a new life in us. As the spring begins to set itself, the nights become shorter and the days get longer. Gardens and lawns become colourful, buds ___4___ as flowers, birds chirp and butterflies fly from one flower to another to ___5____ on the sweet nectar. The dullness is taken over by brightness.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). last B). rest C). hold on D). hold

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

We are familiar with the quote, " "If winter comes, can spring be far ___1___?" Winters are depressing, but we bear because we know that it will not ___2___ till perpetuity. Spring ___3___ a new life in us. As the spring begins to set itself, the nights become shorter and the days get longer. Gardens and lawns become colourful, buds ___4___ as flowers, birds chirp and butterflies fly from one flower to another to ___5____ on the sweet nectar. The dullness is taken over by brightness.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). inculcate B). infuses C). imbue D). immerse

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

We are familiar with the quote, " "If winter comes, can spring be far ___1___?" Winters are depressing, but we bear because we know that it will not ___2___ till perpetuity. Spring ___3___ a new life in us. As the spring begins to set itself, the nights become shorter and the days get longer. Gardens and lawns become colourful, buds ___4___ as flowers, birds chirp and butterflies fly from one flower to another to ___5____ on the sweet nectar. The dullness is taken over by brightness.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). come out B). take out C). fall over D). pull out

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

We are familiar with the quote, " "If winter comes, can spring be far ___1___?" Winters are depressing, but we bear because we know that it will not ___2___ till perpetuity. Spring ___3___ a new life in us. As the spring begins to set itself, the nights become shorter and the days get longer. Gardens and lawns become colourful, buds ___4___ as flowers, birds chirp and butterflies fly from one flower to another to ___5____ on the sweet nectar. The dullness is taken over by brightness.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). suck B). food C). gulp D). gobble

**Correct Answer: A**